भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1367

गुरूवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता

1367 # **श्री बृज लालः**
श्री अरूण सिंहः
श्री मिथलेश कुमारः
श्रीमती सीमा द्विवेदीः
श्रीमती माया नारोलियाः
श्री अमर पाल मौर्यः
श्री राजेश परमानंद शुक्लाः
श्री मयंककुमार नायकः
श्री मनन कुमार मिश्रः
श्री बाबू राम निषादः
डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंहः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अंतर्गत कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के पंजीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए कोई उपाय किए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के लाभार्थियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक सुलभता में सुधार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) सरकार ने देशभर में ईएसआई की स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन अथवा विस्तार के लिए कोई पहल की है;

(ड़) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) ईएसआईसी के माध्यम से श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य देखरेख संबंधी लाभों को सुदृढ़ करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (च): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने नियोक्ताओं/कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने के लिए योजना (एसपीआरईई 2025) जुलाई, 2025 से जनवरी, 2026 तक शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत, संगठित क्षेत्रों के उन नियोक्ताओं और कर्मचारियों को एक-बारगी अवसर प्रदान किया गया था, जो अनजाने में ईएसआई कवरेज से छूट गए थे, ताकि वे भूतलक्षी कवरेज (पिछली तारीख से लागू होने वाले कवरेज) या दंडात्मक कार्रवाई की चिंता किए बिना अपना पंजीकरण करा सकें।

जारी...2/-

इस योजना के दौरान दिनांक 31.01.2026 तक कुल 1,38,718 नए नियोक्ता और 1,12,72,772 कर्मचारी जोड़े गए हैं।

ईएसआई सुविधाओं का उन्नयन/विस्तार एक सतत प्रक्रिया है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना को सुदृढ़ करने, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को सर्वसुलभ बनाने और ईएसआई लाभार्थियों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों को बढ़ाने के लिए देश भर में कई पहलें की हैं। इनमें बिस्तरों की क्षमता में वृद्धि, उन्नत चिकित्सा उपकरणों की खरीद, आईसीयू/एचडीयू सुविधाओं की स्थापना, नए अस्पतालों और औषधालयों का संचालन, निजी और सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों को पैनल में शामिल करना, ओपीडी नियुक्तियों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उन्नयन, लाभों के वितरण के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण, नकद लाभ दावों का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण, और उन क्षेत्रों में जहां ईएसआईसी सुविधाएं पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी - पीएमजेएवाई) के साथ समन्वय शामिल हैं।

ईएसआईसी ने हाल ही में ओमपोरा (जम्मू और कश्मीर), डोड्डाबल्लापुर (कर्नाटक), श्रीपेरंबुदूर (तमिलनाडु), सूरत (गुजरात) में अस्पतालों संचालन/उन्नयन किया है, तथा सनत नगर (तेलंगाना), बेलटोला (असम) और राजामहेंद्रवरम (आंध्र प्रदेश) में अस्पतालों का विस्तार किया है।